व्यवस्था के लिए एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। योजना आयोग द्वारा इस प्रस्ताव पर रिपोर्ट देने के लिये विशेषज्ञों की एक समिति नियुक्त की गयी थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट आयोग को दे दी है।

रेलवे के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमण्डल की सोवियत संघ की यात्रा

48. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**
श्री मीर्जा इर्शादबेग :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उन्होंने हाल ही में सोवियत संघ के दौरे के लिये एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था; और

(ख) यदि हां, तो प्रतिनिधिमंडल में किन-किन लोगों को शामिल किया गया था, इस दौरे का उद्देश्य क्या था, तथा उक्त दौरा कितने दिनों का था, और

(ग) वार्ता का ब्यौरा क्या है और उसमें क्या-क्या निर्णय लिये गए हैं?

रेल मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) जी हां।

(ख) दौरे की अवधि 6 अक्तूबर से 12 अक्तूबर, 1988 तक थी। दौरे का उद्देश्य रेलवे क्षेत्र में इन देशों के बीच सहयोग को बढ़ाना था।

रेल राज्य मंत्री के साथ निम्न-लिखित अधिकारी गये थे :—

1. श्री आर. के. जैन,
अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड

2. श्री बी. सी. बी. चेनुलू,
सदस्य, बिजली

3. श्री आसिफ इब्राहिम,
निजी सचिव, रे. रा. मंत्री

(ग) शिष्ट मंडल सोवियत रूस के रेल परिवहन मंत्री श्री एन. एस. कोनरेड श्री बी. एस. आरकपोव, श्री वी. एन. बुत्को, श्री जी. एम. कोरन्की, उप मंत्री और रेल परिवहन मंत्रालय, सोवियत रूस के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से विचार-विमर्श किया। विचार-विमर्श रेलवे क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने पर केन्द्रित था। दौरे के अंत में, दोनों मंत्रियों द्वारा संयुक्त रूप से एक प्रोटोकल पर हस्ताक्षर किये गये थे। सहयोग के लिये अभी तक प्रमुखत: निम्नलिखित संभावित क्षेत्रों की पहचान की गयी है :—

(i) सोवियत रूस द्वारा पटरियों रेलपथ के लिये उपकरणों, रेल विद्युतीकरण और गाड़ी रेडियो संचार की कुछ मदों और 20 अदद बिजली रेल इंजनों की सप्लाई।

(ii) अनुसंधान और विकास में सहयोग।

(iii) भारतीय रेलों पर माल डिब्बा अनुरक्षण के आधुनिकीकरण तथा मालगाड़ी परिचालन के लिये भारी कर्षण संबंधी परामर्श सेवायें।

(iv) परामर्श सेवाओं और निर्माण परियोजनाओं में सहयोग।

(v) महानगर परिवहन परियोजनाओं में सहयोग।

(vi) खेलकूद गतिविधियों में सहयोग।

Setting up of National Council of Higher Education

49. SHRL SATYA PRAKASH MALAVIYA; Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to establish a National Council of Higtocr Education, if so, what are the details there-of; and

(b) whether Government intend to discuss the issue with State Governments?